223V5



www.philips.com/welcome


HI यूज़र मैनुअल 1

ग्राहक सेवा और वारंटी 14

त्रुटि निवारण और अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न 17


PHILIPS

# विषय सूची


**1. महत्वपूर्ण ........................................ 1**
1.1 सुरक्षा संबंधी सावधानियां और रखरखाव ................ 1
1.2 सांकेतिक वर्णन ........................................ 2
1.3 उत्पाद और पैकिंग सामग्री का निस्तारण .................. 3

**2. मॉनिटर की सेटिंग ........................................ 4**
2.1 संस्थापन ........................................ 4
2.2 मॉनिटर का प्रचालन करना ........................................ 5
2.3 बेस स्टैंड और बेस को हटाएँ ........................................ 7

**3. इमेज अनुकूलन ........................................ 9**
3.1 SmartContrast ........................................ 9

**4. तकनीकी विवरण ........................................ 10**
4.1 रेज़ॉल्यूशन एवं वर्तमान मोड ........................................ 12

**5. ऊर्जा प्रबंधन ........................................ 13**

**6. ग्राहक सेवा और वारंटी ........................................ 14**
6.1 Philips का फ्लैट पैनल मॉनिटर पिक्सेल दोष नीति ........................................ 14
6.2 ग्राहक सेवा और वारंटी ........................................ 16

**7. त्रुटि निवारण और अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न ....... 17**
7.1 त्रुटि निवारण ........................................ 17
7.2 सामान्य तौर पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न ........... 18

# 1. महत्वपूर्ण

यह इलेक्ट्रॉनिक उपयोगकर्ता गाइड किसी भी ऐसे व्यक्ति के लिए है जो Philips मॉनिटर का उपयोग करता है। अपने मॉनिटर का इस्तेमाल करने से पहले यह यूज़र मैनुअल पढ़ें। इसमें आपके मॉनिटर के प्रचालन के संबंध में ज़रूरी जानकारी मौजूद है।

Philips गारंटी तब लागू होती है यदि उत्पाद की देखसंभाल सही ढंग से की जाए और उसके प्रचालन संबंधी निर्देशों के अनुसार उसका इस्तेमाल उसी उद्देश्य के लिए किया जाए जिसके लिए उसे बनाया गया है और मूल इनवॉयस या नकद पावती पेश की जाए, जिस पर खरीदारी की तिथि, डीलर का नाम और उत्पाद का मॉडल और उत्पादन नंबर मौजूद हो।

## 1.1 सुरक्षा संबंधी सावधानियां और रखरखाव

**चेतावनी**

इस अनुलेखन में दिए गए नियंत्रणों, समायोजनों या प्रक्रियाओं के अलावा किन्हीं अन्य का उपयोग करने सेआघात, इलेक्ट्रिकल जोखिम और/या यांत्रिक जोखिम का संपर्क हो सकता है।

अपने कंप्यूटर के मॉनिटर को कनेक्ट करते समय या उसका इस्तेमाल करते समय इन निर्देशों को पढ़ें और उनका पालन करें:

**प्रचालन**

- कृपया मॉनीटर को सीधी धूप, बेहद तेज चमकदार रोशनी से दूर और किसी भी अन्य गर्म चीज से दूर रखें। अधिक समय तक इस तरह के माहौल के संपर्क में रहने का परिणाम मॉनीटर का रंग खराब होने और इसे नुकसान पहुंचने में हो सकता है।
- 
- किसी भी ऐसी वस्तु को हटा दें तो वायु निकास मार्गों में गिर सकती है या मॉनिटर की इलेक्ट्रॉनिक्स को उचित रूप से ठंडा करने से रोक सकती है।
- कैबिनेट के वायु निकास मार्गों को बंद न करें।
- मॉनिटर को स्थापित करते समय, सुनिश्चित करें कि पावर प्लग और आउटलेट तक आसानी से पहुंचा जा सकता हो।
- यदि पावर केबल या डीसी पावर कॉर्ड को निकालकर मॉनिटर को ऑफ कर रहे हों, तो सामान्य प्रचालन के लिए पावर केबल या DC पावर कॉर्ड को जोड़ते समय 6 सेकेंड तक इंतजार करें।
- कृपया हर समय Philips द्वारा दिए गए अनुमोदित पावर कॉर्डों का ही इस्तेमाल करें। यदि आपकी पावर कॉर्ड गुम हो जाए, तो कृपया अपने स्थानीय सेवा केंद्र से संपर्क करें। (कृपया महत्वपूर्ण जानकारी मैन्युअल में सूचीबद्ध सेवा संपर्क जानकारी देखें।)
- निर्दिष्ट बिजली की आपूर्ति के तहत काम करता है। केवल निर्दिष्ट बिजली आपूर्ति के साथ मॉनिटर का संचालन करना सुनिश्चित करें। गलत वोल्टेज के उपयोग से खराबी होगी और आग या बिजली का झटका लग सकता है।
- केबल की सुरक्षा करें। पावर केबल और सिग्नल केबल को न खींचे या न मोड़ें। मॉनिटर या किसी अन्य भारी वस्तु को केबलों पर न रखें, यदि क्षतिग्रस्त हो, तो केबल से आग या बिजली का झटका लग सकता है।
- प्रचालन के दौरान मॉनिटर को अत्यधिक कंपन से बचाएं या ऐसी स्थिति में न डालें जहां जोर का आघात लगने की संभावना हो।
- संभावित क्षति, उदाहरण के लिए बीज़ेल से पैनल का निकल जाना, से बचने के लिए सुनिश्चित करें कि मॉनीटर -5 डिग्री से ज्यादा नीचे न झुके। यदि झुकाने की -5 डिग्री की अधिकतम कोण सीमा पार होती है, तो मॉनीटर को होने वाली क्षति वारंटी में कवर नहीं होगी।
- प्रचालन के दौरान या परिवहन के दौरान मॉनिटर को चोट न लगने दें या गिरने न दें।
- मॉनीटर के अत्यधकि उपयोग के फलस्वरूप आंखों में पीड़ा हो सकती है, कार्‌यस्थल पर लंबे कार्‌य अवकाश कम लेने की बजाय छोटे अवकाश अधकि लेना बेहतर होता है; उदाहरण के लिए स्‌क्रीन के 50-60-मनिट के लगातार उपयोग के बाद 5-10 मनिट का अवकाश लेना प्रत्‌येक दो घंटे बाद 15-मनिट के अवकाश से बेहतर होता है। स्‌क्रीन के लगातार उपयोग के दौरान आँखों को तनाव से बचाने के लिए अपने आँखों के लिए नम्नि आजमाएँ:
  - स्‌क्रीन पर लंबे समय तक फ़ोकस करने के बाद दूर स्‌थति कसिी चीज को देखना।
  - कार्‌य के दौरान बीच-बीच में पलकें झपकाना।
  - आराम देने के लिए अपनी आँखों को बंद करना और धीरे-धीरे घुमाना।
  - अपने स्‌क्रीन को यथोचति ऊँचाई और कोण पर खसिकाएँ।
  - चमक और कंट्रास्‌ट को यथोचति स्‌तर पर समायोजति करें।
  - आस-पास के प्रकाश को अपने स्‌क्रीन की चमक के अनुसार समायोजति करें, फ़्लोरेसेंट प्रकाश और बहुत अधकि प्रकाश नहीं परावर्‌तति करने वाले फर्‌श से बचें।
  - यद परेशानी हो तो डॉक्‌टर को दखिाएँ।

**रखरखाव**

- अपने मॉनिटर को संभावित नुकसान से बचाने के लिए, मॉनिटर पैनल पर अत्यधिक दबाव न डालें। अपने LCD को स्थानांतरित करते समय इसके फ्रेम को पकड़ें; LCD पैनल पर अपने हाथ या अँगुलियों को रखकर मॉनिटर को न उठाएं।
- यदि आप मॉनिटर का लंबे समय तक उपयोग न करने वाले हों तो उसका प्लग निकाल दें।

- यदि मॉनिटर को हल्के गीले कपड़े से पोंछना हो तो उसका प्लग निकाल दें। पावर ऑफ होने पर स्क्रीन को सूखे कपड़े से पोंछा जा सकता है। हालांकि, मॉनिटर को साफ करने के लिए कभी भी अल्कोहल, या अमोनिया-आधारित द्रवों जैसे ऑरगेनिक सॉल्वेंट का इस्तेमाल न करें।
- सेट को आघात लगने या स्थाई क्षति होने का जोखिम कम करने के लिए, मॉनिटर को धूल, वर्षा, पानी, या अत्यधिक नमी वाले परिवेश के संपर्क में न लाएं।
- यदि मॉनिटर गीला हो जाए तो जितनी जल्दी संभव हो उसे सूखे कपड़े से पोंछें।
- यदि आपके मॉनिटर में कोई बाहरी पदार्थ या पानी घुस जाए, तो कृपया तुरंत पावर ऑफ कर दें और पावर कॉर्ड को डिस्कनेक्ट कर दें। इसके बाद, बाहरी पदार्थ या पानी को निकालें, और मॉनिटर को रखरखाव केंद्र को भेज दें।
- मॉनिटर का भंडारण या उसका इस्तेमाल ऐसी जगहों पर न करें जहां गर्मी, सीधी धूप या अत्यधिक ठंड से उसका संपर्क हो।
- अपने मॉनिटर का सर्वोत्तम प्रदर्शन बनाए रखने के लिए और लंबे समय तक उसका इस्तेमाल करने के लिए, कृपया मॉनिटर का इस्तेमाल ऐसी जगह पर करें जहां तापमान और आर्द्रता निम्नलिखित रेंज में हो।
  - तापमान: 0-40°C 32-104°F
  - आर्द्रता: 20-80% RH

**बर्न-इन/घोस्ट इमेज के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी**

जब कभी आप अपने मॉनिटर को चलता हुआ छोड़कर जाएं तो कोई गतिमान स्क्रीन सेवर प्रोग्राम सक्रिय कर दें। यदि आपका मॉनिटर अपरिवर्तनीय स्थिर सामग्री प्रदर्शित कर रहा हो तो स्क्रीन को समय-समय पर रिफ्रेश करने वाला अनुप्रयोग चलाएं। स्थिर या ठहरे हुए चित्र का लंबे समय तक अबाधित प्रदर्शन करने से आपकी स्क्रीन पर "बर्न इन", जिसे "आफ्टर-इमेजिंग" या "घोस्ट इमेजिंग" भी कहा जाता है, हो सकता है।

"बर्न-इन", "आफ्टर-इमेजिंग", या "घोस्ट इमेजिंग" LCD पैनल प्रौद्योगिकी की एक सुपरिचित घटना है। ज्यादातर मामलों में, पावर स्विच-ऑफ कर देने के बाद कुछ समय में "बर्न-इन" या "आफ्टर-इमेजिंग" या "घोस्ट इमेजिंग" धीरे-धीरे गायब हो जाएगा।

**चेतावनियाँ**

एक स्क्रीन सेवर को सक्रिय करने में विफल या पीरियडिक स्क्रीन रिफ्रेश एप्लीकेशन सर्वर में "बर्न-इन" या" आफ्टर – इमेज" या "घोस्ट इमेज" लक्षण नतीजे में मिलते हैं जो गायब नहीं हो सकते हैं और जिन्हें सुधारा नहीं जा सकता। उपर्युक्त उल्लिखित क्षति आपकी वारंटी के अधीन नहीं आती है।

**सेवा**

- केसिंग कवर को केवल योग्य सेवा कर्मी द्वारा ही खोला जाना चाहिए।
- यदि मरम्मत करने या एकीकरण करने के लिए किसी दस्तावेज की जरूरत पड़ती है, तो कृपया अपने स्थानीय सेवा केंद्र से संपर्क करें। (कृपया महत्वपूर्ण जानकारी मैन्युअल में सूचीबद्ध सेवा संपर्क जानकारी देखें)
- परिवहन जानकारी के लिए, कृपया "तकनीकी विनिर्देश" देखें।
- अपने मॉनीटर को कार/ट्रक के अंदर सीधी धूप में नहीं छोड़ें।

**नोट**

यदि मॉनीटर सामान्य रूप से संचालित नहीं होता है या यदि आप इस मैन्युअल में दिए गए संचालन निर्देशों का पालन करते समय अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के बारे में सुनिश्चित नहीं हैं तो सेवा तकनीशियन से परामर्श करें।

## 1.2 सांकेतिक वर्णन

निम्नलिखित उपखंड इस दस्तावेज़ में इस्तेमाल किए गए सांकेतिक आचारों का वर्णन करते हैं।

**नोट, सावधानी और चेतावनी**

इस पूरी गाइड में, पाठ खंडों के साथ बोल्ड या इटैलिक टाइप में छपे आइकॉन भी हो सकते हैं। इन खंडों में नोट, सावधानी या चेतावनी होती हैं। इन्हें निम्नलिखित तरीके से इस्तेमाल किया जाता है

**नोट**

यह आइकॉन महत्वपूर्ण सूचना और सुझाव देता है जो आपके कंप्यूटर सिस्टम का बेहतर इस्तेमाल करने में मदद करते हैं।

**सावधानी**

यह आइकॉन ऐसी जानकारी का संकेत देता है जो बताती है कि हार्डवेयर को होने वाली संभावित क्षति या डेटा के नुकसान से किस प्रकार बचें।


**चेतावनी**

यह आइकॉन शारीरिक नुकसान की संभावना का संकेत करता है और बताता है कि इस समस्या से कैसे बचा जा सकता है।

कुछ चेतावनी दूसरे प्रारूपों में भी आ सकती हैं और हो सकता है कि उनके साथ आइकॉन न हों। ऐसे मामलों में, संबंधित नियामक प्राधिकरण चेतावनी को विशेष रूप से प्रस्तुत करना अनिवार्य बनाती है।

## 1.3 उत्पाद और पैकिंग सामग्री का निस्तारण

### कचरा इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण-WEEE



This marking on the product or on its packaging illustrates that, under European Directive 2012/19/EU governing used electrical and electronic appliances, this product may not be disposed of with normal household waste. You are responsible for disposal of this equipment through a designated waste electrical and electronic equipment collection. To determine the locations for dropping off such waste electrical and electronic, contact your local government office, the waste disposal organization that serves your household or the store at which you purchased the product.

Your new monitor contains materials that can be recycled and reused. Specialized companies can recycle your product to increase the amount of reusable materials and to minimize the amount to be disposed of.

All redundant packing material has been omitted. We have done our utmost to make the packaging easily separable into mono materials.

Please find out about the local regulations on how to dispose of your old monitor and packing from your sales representative.

### Taking back/Recycling Information for Customers

Philips establishes technically and economically viable objectives to optimize the environmental performance of the organization's product, service and activities.

From the planning, design and production stages, Philips emphasizes the important of making products that can easily be recycled. At Philips, end-of-life management primarily entails participation innational take-back initiatives and recycling programs whenever possible, preferably in cooperation with competitors, which recycle all materials (products and related packaging material) in accordance with all Environmental Laws and taking back program with the contractor company.

Your display is manufactured with high quality materials and components which can be recycled and reused.


To learn more about our recycling program please visit

http://www.philips.com/a-w/about/sustainability.html


# 2. मॉनिटर की सेटिंग

## 2.1 संस्थापन

### 1 पैकेज की सामग्री













Power




* VGA



* HDMI



* DVI




* Audio


* प्रदर्शन डिजाइन सचित्र से अलग हो सकता ह

### 2 बेस स्टैंड स्थापित करें

1. मॉनिटर का आगे का हिस्सा नीचे करके उसे किसी मुलायम और समतल सतह पर रखें और ध्यान दें कि स्क्रीन पर खरोंच न आए या उसे क्षति न पहुंचे।
2. आधार स्तंभ को क्लकि आवाज के साथ अपने स्थान पर लग जाने तक जोड़ें/सरकाएं।




3. मॉनिटर बेस को दोनों हाथों से पकड़ें और बेस स्टैंड को मजबूती से बेस कॉलम के अंदर डाल दें।




### 3 अपने PC से कनेक्ट करना

223V5LSB/223V5LSW/223V5LSB2




1. AC पावर इनपुट
2. VGA इनपुट
3. DVI-D इनपुट(चयनित मॉडलों के लिए उपलब्ध)
4. केनिंग्स्टन चोरी रोकने वाला ताला

223V5LHSB/223V5LHSW/223V5LHSB2/
223V5LHSW2





1. AC पावर इनपुट
2. VGA इनपुट
3. HDMI इनपुट
4. एचडएमआई ऑडियो ऑउट
(चयनित मॉडलों के लिए उपलब्ध)
5. केनिंग्स्टन चोरी रोकने वाला ताला

**PC से कनेक्ट करें**


1. पावर कॉर्ड को मॉनिटर के पीछे मजबूती से कनेक्ट करें।
2. अपने कंप्यूटर को ऑफ करें और इसके पावर केबल को प्लग से निकालें।
3. मॉनिटर के सिग्नल केबल को अपने कंप्यूटर के पीछे वीडियो कनेक्टर से कनेक्ट करें।
4. अपने कंप्यूटर और मॉनिटर का पावर कॉर्ड पास के आउटलेट से कनेक्ट करें।
5. अपने कंप्यूटर और मॉनिटर को ऑन करें। यदि मॉनिटर पर कोई चित्र दिखाई देता है, तो संस्थापन पूरा हो चुका है।

## 2.2 मॉनिटर का प्रचालन करना

### 1 सामने से देखने पर उत्पाद का वर्णन




223V5L:




| | | |
|---|---|---|
| 1 | ⏻ | मॉनीटर का पावर चालू और बंद करें। |
| 2 | ▤/OK | OSD मेन्यू तक पहुंच बनाएं।<br>ओएसडी एडजस्टमेंट होने की पुष्टि करें। |
| 3 | ◀ | पिछले OSD स्तर पर वापस लौटें। |
| 4 | ☼ | ब्राइटनेस स्तर को एडजस्ट करें। |
| 5 | ▲▼ | OSD मेन्यू को समायोजित करें। |
| 6 | | डिसहश्वले फॉर्मेट बदलें। |
| 7 | AUTO | मॉनीटर स्वत: एडजस्ट करता है। |

## 2 ऑन स्क्रीन डिसप्ले का वर्णन


### ऑन स्क्रीन डिसप्ले ( OSD ) क्या है ?

ऑन-स्क्रीन डिसप्ले (OSD) सभी Philips मॉनिटरों में पाई जाने वाली एक विशेषता है। इसके द्वारा अंतिम उपयोगकर्ता एक ऑन-स्क्रीन निर्देश विंडो के माध्यम से स्क्रीन का कार्यनिष्पादन समायोजित कर सकते हैं या मॉनिटर के प्रकार्य चुन सकते हैं। एक उपयोगकर्ता हितैषी ऑन स्क्रीन डिसप्ले इंटरफ़ेस नीचे दर्शाया गया है :


### 223V5LHSB/223V5LHSW/223V5LHSB2/ 223V5LHSW2:




### 223V5LSB/223V5LSW/223V5LSB2:




### 223V5LSB/223V5LSW/223V5LSB2 ( 1ए मॉडल के लिए ):




### कंट्रोल कुंजियों पर बुनियादी और सरल निर्देश

ऊपर दर्शाए गए OSD में, कर्सर को इधर-उधर ले जाने के लिए आप मॉनीटर के फ्रंट बेज़ेल पर स्थित ▼ ▲ बटनों को दबा सकते हैं, और चयन या बदलाव की पुष्टि के लिए OK बटन को दबाएं।

## OSD मेन्यू

नीचे ऑन स्क्रीन डिसप्ले की संरचना का एक समग्र दृश्य दिया गया है। बाद में विभिन्न समायोजनों का इस्तेमाल करने की इच्छा होने पर आप इसे संदर्भ के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं।

**Main menu** — **Sub menu**

- Input
  - VGA
  - DVI (available for selective models)
  - HDMI (available for selective models)
- Picture
  - Picture Format — Wide Screen, 4:3
  - Brightness — 0~100
  - Contrast — 0~100
  - SmartContrast — On, Off
  - Over scan — On, Off (available for selective models)
- Audio (available for selective models)
  - Volume — 0~100
  - Mute — On, Off
- Color
  - Color Temperature — 6500K, 9300K
  - sRGB
  - User Define
    - Red: 0~100
    - Green: 0~100
    - Blue: 0~100
- Language — English, Español, Français, Deutsch, Italiano, Português, Русский, 简体中文, Türkçe, Nederlands, Svenska, Suomi, Polski, Čeština 한국어, 日本語, Magyar, Українська, Português do Brasil, Ελληνική (προαιρετικός), 繁體中文(可選)
- OSD Settings
  - Horizontal — 0~100
  - Vertical — 0~100
  - Transparency — Off, 1, 2, 3, 4
  - OSD Time Out — 5s, 10s, 20s, 30s, 60s
- Setup
  - Auto
  - H. Position — 0~100
  - V. Position — 0~100
  - Phase — 0~100
  - Clock — 0~100
  - Resolution Notification — On, Off
  - Reset — Yes, No
  - Information


### 3 रेज़ॉल्यूशन अधिसूचना

यह मॉनिटर अपने मूल रेज़ॉल्यूशन 1920 × 1080 60Hz पर सबसे बेहतर प्रदर्शन करने के लिए बनाया गया है। जब मॉनिटर को किसी भिन्न रेज़ॉल्यूशन पर पावर दिया जाता है, तो स्क्रीन पर एक चेतावनी प्रदर्शित होती है : सर्वोत्तम परिणाम के लिए 1920 × 1080 60Hz पर का उपयोग करें।

मूल रेज़ॉल्यूशन चेतावनी का प्रदर्शन OSD (ऑन स्क्रीन डिसप्ले) मेन्यू के सेटअप से स्विच ऑफ किया जा सकता है।

### 4 शारीरिक प्रकार्य

**झुकाएं**




**चेतावनी**


- सक्रीन की संभावति क्षति, जैसे कि पैनल का नकिल जाना, से बचने के लिए सुनिश्चित करें कि मॉनीटर -5 डिग्री से ज़्यादा नीचे न झुके।
- मॉनीटर का कोण एडजस्ट करते समय स्क्रीन को न दबाएँ। केवल बीज़ेल को पकड़ें।

## 2.3 बेस स्टैंड और बेस को हटाएँ


### 1 बेस स्टैंड को हटाएं

मॉनीटर के आधार को खोलना आरंभ करने से पहले, किसी भी संभावित नुकसान या चोट से बचने के लिए कृपया निम्नलिखित निर्देशों का पालन करें।


1. मॉनीटर के आगे का हिस्सा नीचे करके उसे किसी सपाट सतह पर रखें, यह ध्यान देते हुए कि स्क्रीन में खरोंच न आए या उसे क्षति न पहुंचे।



2. बेस कॉलम से बेस स्टैंड को दूर पृथक करने के लिए लॉकिंग क्लिप्स को दबाएं।






3. बेस कॉलम को अलग करने के लिए रिलीज बटन दबाएं।



**Note**

This monitor accepts a 100mm x 100mm VESA-Compliant mounting interface.




*** डिस्प्ले की डिज़ाइन चित्र में दिखाई गई डिज़ाइन से अलग हो सकती है।**

**चेतावनी**

- स्क्रीन की संभावित क्षति, जैसे कि पैनल का निकल जाना, से बचने के लिए सुनिश्चित करें कि मॉनीटर -5 डिग्री से ज़्यादा नीचे न झुके।
- मॉनीटर का कोण एडजस्ट करते समय स्क्रीन को न दबाएँ। केवल बीज़ेल को पकड़ें।.

# 3. इमेज अनुकूलन

## 3.1 SmartContrast

### 1 यह क्या है?

यह ऐसी अद्वितीय प्रौद्योगिकी है जो अधिक साफ़, मजेदार और चमकदार छवि प्रदान करने के लिए बैकलाइटिंग को बढ़ाकर या अस्पष्ट पृष्ठभूमि वाली छवियों के स्पष्ट प्रदर्शन के लिए बैकलाइटिंग को कम करके, अधिकतम दृश्य स्पष्टता और देखने का आनंद प्रदान करने के लिए गत्यात्मक रूप से प्रदर्शित सामग्रियों का विश्लेषण करती है और स्वचालित रूप से LCD मॉनिटर के कंट्रास्ट अनुपात को अनुकूल बनाती है।

### 2 मुझे इसकी ज़रूरत क्यों है?

आप हर प्रकार की सामग्री के लिए सर्वोत्तम विजुअल स्पष्टता और देखने की सुविधा चाहते हैं। SmartContrast कंट्रास्ट को गत्यात्मक ढंग से नियंत्रित करता है और स्पष्ट, तीक्ष्ण, चमकदार गेमिंग और वीडियो छवियों के लिए बैकलाइटिंग को समायोजित करता है या ऑफिस के काम के लिए स्पष्ट, पठनीय टेक्स्ट प्रदर्शित करता है। आपके मॉनिटर की पावर की खपत कम करके, आप ऊर्जा के व्यय में बचत करते हैं और अपने मॉनिटर का जीवन बढ़ाते हैं।

### 3 यह कैसे काम करता है?

जब आप SmartContrast को सक्रिय करते हैं, तो यह रंगों का समायोजन करने के लिए और बैकलाइट की तीव्रता को नियंत्रित करने के लिए आपके द्वारा रियल टाइम में प्रदर्शित की जा रही सामग्री का विश्लेषण करता है। वीडियो देखते समय या गेम खेलते समय यह प्रकार्य कंट्रास्ट में गत्यामक उन्नति करता है जिससे मनोरंजन का शानदार अनुभव प्राप्त होता है।

# 4. तकनीकी विवरण

| पिक्चर/डिसप्ले | |
|---|---|
| मॉनिटर पैनल के प्रकार | TFT-एलसीडी |
| बैकलाइट | LED |
| पैनल का आकार | 21.5 W (54.6 सेमी.) |
| एसपेक्ट अनुपात | 16:9 |
| पिक्सेल पिच | 0.248 × 0.248 मिमि. |
| SmartContrast | 10,000,000:1 |
| सर्वोत्तम अनुकूलन | 1920 × 1080 @ 60Hz |
| देखने का कोण | 170° (H) / 160° (V) @ C/R > 10<br>or 90° (H) / 65° (V) @ C/R > 10 for 200 nits |
| डिसप्ले के कलर | 16.7 M |
| उर्ध्वाधर रिफ्रेश रेट | 56Hz - 76Hz |
| क्षैतिज आवृत्ति | 30kHz - 83kHz |
| sRGB | हां |
| **कनेक्टविटी** | |
| सिग्नल इनपुट | 223V5LSB/223V5LSW/223V5LSB2:VGA (एनालॉग) ,DVI(डिजिटल,HDCP) (वैकल्पिक) |
| | 223V5LHSB/223V5LHSW/223V5LHSB2/223V5LHSW2: VGA (एनालॉग) ,HDMI(डिजिटल,HDCP) |
| ऑडियो इन/ ऑउट | एचडएमआई ऑडियो ऑउट ( 223V5LHSB/223V5LHSW) |
| इनपुट सिग्नल | अलग क्लिक, हरे पर क्लिक करें |
| **सुविधा** | |
| उपयोगकर्ता के लिए सुविधा | AUTO/▼ ⬚/▲ ☼/◀ ▤/OK ⏻ |
| ओएसडी भाषाएं | अंग्रेज़ी, जर्मन, स्पैनशि, फ्रेंच, इतालवी, हंगेरयिन, डच, पुर्तगाली, ब्राज़ील पुर्तगाली, पोलशि, रूसी, स्वीडशि, फ़निशि, तुर्की, चेक, यूक्रेनयिन, सरलीकृत चीनी, जापानी, कोरयिाई, ग्रीक(वैकल्पिक), पारंपरकि चीनी(वैकल्पिक) |
| अन्य सुविधा | केनग्स्टिन लॉक |
| प्लग एंड प्ले संगतता | DDC/CI, sRGB, Windows 7/Windows 8/Vista/XP, Mac OSX, लाईनैक्स |
| ङ्कश्वङ्क VESA | 100x100 mm |
| **स्टैंड** | |
| झुकाएं | -5° / +20° |

223V5LHSB/223V5LHSW/223V5LHSB2/223V5LHSW2:

| बिजली | |
|---|---|
| अन्य मोड | 19.66 W (टाइप.), 23.76 W (अधि.) for 223V5LHSB/223V5LHSW or<br>21.63 W (टाइप.), 25.63 W (अधि.) for 223V5LHSB2/223V5LHSW2 |
| स्लीप (स्टैंडबाई मोड) | 0.5W |
| ऑफ़ मोड | 0.3W |
| पावर एल.ई.डी. सूचक | अन्य मोड: व्हाइट, स्टैंडबाय/स्लीप मोड: व्हाइट (ब्लिंक) |
| पावर स्पलाई | बिल्ड-इन, 100-240VAC, 50-60Hz |

223V5LSB/223V5LSW/223V5LSB2:

| बिजली | |
|---|---|
| अन्य मोड | 18.6W (टाइप.), 22.57W (अधि.) for 223V5LSB/223V5LSW<br>or 17.07W (टाइप.), 20.26W (अधि.) for 223V5LSB2 |
| स्लीप (स्टैंडबाई मोड) | 0.5W |
| ऑफ़ मोड | 0.3W |
| पावर एल.ई.डी. सूचक | अन्य मोड: व्हाइट, स्टैंडबाय/स्लीप मोड: व्हाइट (ब्लिंक) |
| पावर स्पलाई | बिल्ड-इन, 100-240VAC, 50-60Hz |

| माप | |
|---|---|
| स्टैंड सहित उत्पाद (WxHxD) | 503 × 376 × 213 मिमि |
| स्टैंड के बिना उत्पाद (WxHxD) | 503 × 316 × 50 मिमि |
| **वजन** | |
| स्टैंड सहित उत्पाद | 2.605 किग्रा(स्वच्छ) |
| स्टैंड के बिना उत्पाद | 2.304 किग्रा(स्वच्छ) |

| प्रचालन की स्थितियां | |
|---|---|
| तापमान की रेंज (प्रचालन) | 0 डिग्री सैल्सियस से 40 डिग्री सैल्सियस |
| तापमान की रेंज<br>(गैर-प्रचालन) | -20 डिग्री सैल्सियस से 60 डिग्री सैल्सियस |
| सापेक्षिक आर्द्रता | 20 डिग्री सैल्सियस से 80 डिग्री सैल्सियस |
| MTBF | 30,000hrs |

| पर्यावरणीय | |
|---|---|
| ROHS | हां |
| पैकेजिंग | 100त्न रिसाइक्लेबल |
| **कैबिनेट** | |
| कलर | काला /व्हाइट |
| फिनिश | बनावट |

**नोट**

यह डेटा बिना सूचना के परिवर्तित किया जा सकता है। पत्रक के नवीनतम वर्ज़न को डाउनलोड करने के लिए www.philips.com/support पर जाएं।

## 4.1 रेज़ॉल्यूशन एवं वर्तमान मोड

**1 अधिकतम रिज़ॉल्यूशन**

1920 × 1080 @60 Hz पर

**2 अनुशंसति रिज़ॉल्यूशन**

1920 × 1080 @60 Hz पर

| H. freq (kHz) | रिज़ॉल्यूशन | V. freq (Hz) |
|---|---|---|
| 31.47 | 720 × 400 | 70.09 |
| 31.47 | 640 × 480 | 59.94 |
| 35.00 | 640 × 480 | 66.67 |
| 37.86 | 640 × 480 | 72.81 |
| 37.50 | 640 × 480 | 75.00 |
| 37.88 | 800 × 600 | 60.32 |
| 46.88 | 800 × 600 | 75.00 |
| 48.36 | 1024 × 768 | 60.00 |
| 60.02 | 1024 × 768 | 75.03 |
| 44.77 | 1280 × 720 | 59.86 |
| 63.89 | 1280 × 1024 | 60.02 |
| 79.98 | 1280 × 1024 | 74.03 |
| 55.94 | 1440 × 900 | 59.89 |
| 70.64 | 1440 × 900 | 74.98 |
| 65.29 | 1680 × 1050 | 59.95 |
| 67.50 | 1920 × 1080 | 60.00 |

**नोट**

कृपया ध्यान दें कि आपका डिसप्ले 1920 × 1080 @60Hz के नेटिव रेजोल्यूशन पर सर्वोत्तम ढंग से काम करता है। डिसप्ले की सर्वोत्तम गुणवत्ता के लिए, कृपया रेजोल्यूशन संबंधी इस संस्तुति का पालन करें।

# 5. ऊर्जा प्रबंधन

यदि आपके PC पर VESA DPM के अनुरूप डिसप्ले कार्ड या सॉफ़्टवेयर संस्थापित हो, तो इस्तेमाल में न होने पर मॉनिटर स्वत: अपना ऊर्जा के व्यय में कमी कर सकता है। यदि किसी कीबोर्ड, माउस या अन्य इनपुट उपकरण से इनपुट की पहचान होती है, तो मॉनिटर स्वत: सक्रिय हो जाएगा। निम्नलिखित तालिका इस स्वचालित ऊर्जा संरक्षण खूबी के ऊर्जा व्यय और सिग्नलिंग को प्रदर्शित करता है:

### 223V5LHSB/223V5LHSW/223V5LHSB2/ 223V5LHSW2:

| ऊर्जा प्रबंधन की परिभाषा | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| VESA मोड | वीडियो | H-sync | V-sync | व्यय की गई ऊर्जा | LED कलर |
| LED कलर | ऑन | हां | हां | 19.66W (टाइप.) for 223V5LHSB /223V5LHSW or 21.63 W (टाइप.) for 223V5LHSB2/ 223V5LHSW2 | व्हाइट |
| स्लीप (स्टैंडबाई मोड) | ऑफ | नहीं | नहीं | 0.5 W (सामान्य) | व्हाइट (ब्लिंक) |
| ऑफ़ मोड | ऑफ | - | - | 0.3 W (सामान्य) | ऑफ |

### 223V5LSB/223V5LSW/223V5LSB2:

| ऊर्जा प्रबंधन की परिभाषा | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| VESA मोड | वीडियो | H-sync | V-sync | व्यय की गई ऊर्जा | LED कलर |
| LED कलर | ऑन | हां | हां | 18.6W (टाइप.) for 223V5LSB /223V5LSW or 17.07W (टाइप.) for 223V5LSB2 | व्हाइट |
| स्लीप (स्टैंडबाई मोड) | ऑफ | नहीं | नहीं | 0.5 W (सामान्य) | व्हाइट (ब्लिंक) |
| ऑफ़ मोड | ऑफ | - | - | 0.3 W (सामान्य) | ऑफ |

इस मॉनिटर में पावर के व्यय का मापन करने के लिए निम्नलिखित सेटअप का उपयोग किया जाता है।

- मूल रिज़ॉल्यूशन: 1920 × 1080
- कंट्रास्ट: 50%
- ब्राइटनेस: 100%
- कलर तापमान: 6500k संपूर्ण व्हाइट पैटर्न के साथ


**नोट**

यह डेटा बिना सूचना के परिवर्तित किया जा सकता है।

# 6. ग्राहक सेवा और वारंटी

## 6.1 Philips का फ्लैट पैनल मॉनिटर पिक्सेल दोष नीति

Philips उच्चतम गुणवत्ता वाले उत्पाद देने के लिए प्रयासरत रहता है। हम उद्योग के कुछ सर्वाधिक उन्नत उत्पादन प्रक्रियाओं का इस्तेमाल करते हैं और सख्त गुणवत्ता नियंत्रण लागू करते हैं। हालांकि, कभी-कभी फ्लैट पैनल मॉनिटरों में इस्तेमाल होने वाले TFT मॉनिटर पैनलों पर पिक्सेल या उप पिक्सेल के दोषों से बचना संभव नहीं होता है। कोई भी निर्माता सभी पैनलों के दोषरहित होने की गारंटी नहीं दे सकता, लेकिन किसी मॉनिटर में यदि दोष स्वीकार्य स्तर से अधिक हों तो वारंटी के अंतर्गत Philips उसकी मरम्मत करने या उसे बदलने की गारंटी देता है। यह सूचना-पत्र विभिन्न प्रकार के पिक्सेल दोषों के बारे में बताता है और हर प्रकार में दोष के स्वीकार्य स्तरों को परिभाषित करता है। वारंटी के तहत मरम्मत या प्रतिस्थापन की योग्यता प्राप्त करने के लिए TFT मॉनिटर पैनल पर पिक्सेल दोषों की संख्या इन स्वीकार्य स्तरों से अधिक होनी चाहिए। उदाहरण क लिए, किसी मॉनिटर में 0.0004% से अधिक सब पिक्सेल दोषपूर्ण नहीं हो सकते। इसके अलावा, Philips दूसरों की तुलना में खास प्रकार के पिक्सेल दोषों या दोषों के संयोजन के लिए, जो औरों के मुकाबले अधिक ध्यान आकर्षित करते हैं, और अधिक उन्नत गुणवत्ता वाले मानक लागू करता है। यह नीति दुनिया भर में मान्य है।




### पिक्सेल और सब पिक्सेल


एक पिक्सेल, या पिक्चर तत्व लाल, हरे और नीले रंगों के तीन प्राथमिक रंगों के सबपिक्सेल से बना होता है। कई पिक्सेल एक साथ मिलकर एक छवि बनाते हैं। जब किसी पिक्सेल के सभी सब पिक्सेल प्रकाशित होते हैं, तो तीनों रंगीन सब पिक्सेल एक साथ मिलकर एक सफेद पिक्सेल के रूप में प्रकट होते हैं। जब सभी अप्रकाशित रहते हैं, तो तीनों रंगीन सब पिक्सेल एक साथ मिलकर एक काले पिक्सेल के रूप में दिखाई देते हैं। प्रकाशित और अप्रकाशित सब पिक्सेल के अन्य संयोजन अन्य रंगों के एकल पिक्सेल के रूप में प्रकट होते हैं।

### पिक्सेल दोषों के प्रकार


पिक्सेल और सब पिक्सेल दोष विभिन्न तरीकों से स्क्रीन पर दिखाई देते हैं। पिक्सेल दोषों की दो श्रेणियां होती हैं प्रत्येक श्रेणी में अनेक प्रकार के सब पिक्सेल दोष होते हैं।

### ब्राइट ( चमकीला ) डॉट दोष

ब्राइट डॉट दोष हमेशा प्रकाशित या ऑन रहने वाले पिक्सेल या सब पिक्सेल के रूप में दिखाई देता है। यानी कि, ब्राइट डॉट एक ऐसा सब पिक्सेल होता है जो मॉनिटर के डार्क पैटर्न प्रदर्शित करने पर अलग से दिखाई देता है। ब्राइट डॉट दोष के निम्नलिखित प्रकार होते हैं:





एक प्रकाशित लाल, हरा या नीला सब पिक्सेल




दो समीपस्थ प्रकाशित सब पिक्सेल:

- लाल + नीला = बैंगनी
- लाल + हरा = पीला
- हरा + नीला = हरितनील (हल्का नीला)





तीन समीपस्थ प्रकाशित सब पिक्सेल (एक सफेद पिक्सेल)

नोट

लाल या नीला ब्राइट डॉट आसपास के डॉट्स से 50 प्रतिशत अधिक चमकीला होना चाहिए जबकि हरा ब्राइट डॉट आसपास के डॉट्स स 30 प्रतिशत अधिक चमकीला होना चाहिए।


### ब्लैक डॉट दोष

ब्लकै डॉट दोष हमेशा डार्क ''अप्रकाशित'' ''आर्फ '' पिक्सले या सब पिक्सले के रूप में दिखाई देता है। यानी कि, डार्क डाटॅ एक ऐसा सब-पिक्सले होता है जो मॉनिटर के चमकील` पटै र्न दिखाने पर स्क्रीन पर अलग से दिखाई देता है। ब्लकै डाटॅ दोष के निम्नलिखित प्रकार होते हैं:



### पिक्सेल दोषों की निकटता

चूंकि एक-दूसरे के करीब स्थित एक ही प्रकार के पिक्सेल और सब पिक्सेल दोष अधिक ध्यान आकृष्ट कर सकते हैं, Philips पिक्सले दोषों की निकटता के लिए सहनीयता सीमा भी निर्धारित करता है।



### पिक्सेल दोष सहनीयता

वारंटी अवधि के दौरान मरम्मत या प्रतिस्थापन की योग्यता प्राप्त करने के लिए Philips के किसी फ्लैट पैनल मॉनिटर के TFT मॉनिटर पैनल में निम्नलिखित तालिकाओं में सूचीबद्ध सहनशीलता से अधिक पिक्सेल या उप पिक्सेल दोष होना चाहिए।

| ब्राइट डॉट दोष | स्वीकार्य स्तर |
|---|---|
| 1 प्रकाशित सबपिक्सेल | 3 |
| 2 समीपस्थ प्रकाशित सबपिक्सेल | 1 |
| 3 समीपस्थ प्रकाशित सबपिक्सेल (एक व्हाइट पिक्सेल) | 0 |
| दो ब्राइट डॉट दोषों के बीच की दूरी* | >15 मिमी |
| सभी प्रकार के कुल ब्राइट डॉट दोष | 3 |

| ब्राइट डॉट दोष स्वीकार्य स्तर | स्वीकार्य स्तर |
|---|---|
| 1 अप्रकाशित सबपिक्सेल | 5 या कम |
| 2 समीपस्थ अप्रकाशित सबपिक्सेल | 2 या कम |
| 3 समीपस्थ अप्रकाशित सबपिक्सेल | 0 |
| दो ब्लैक डॉट दोषों के बीच की दूरी* | >15 मिमी |
| सभी प्रकार के ब्लैक डॉट दोष | 5 या कम |

| कुल डॉट दोष | स्वीकार्य स्तर |
|---|---|
| सभी प्रकार के कुल ब्राइट या ब्लैक डॉट दोष | 5 या कम |

नोट

1 या 2 आसपास के सब पिक्सेल में दोष = 1 डॉट दोष।

## 6.2 ग्राहक सेवा और वारंटी

आपके क्षेत्र के लिए मान्य वारंटी कवरेज जानकारी और अतिरिक्त सहायता आवश्यकता के लिए, कृपया अधिक विवरण के लिए www.philips.com/support वेबसाइट पर जाएँ या अपने स्थानीय Philips ग्राहक सेवा केंद्र से संपर्क करें।

वारंटी अवधि के लिए कृपया महत्वपूर्ण जानकारी मैनुअल में वारंटी कथन देखें।

विस्तारित वारंटी के लिए, यदि आप अपनी सामान्य वारंटी अवधी बढ़ाना चाहते हैं, तो एक वारंटी से बाहर सेवा पैकेज प्रमाणित सर्विस सेंटर के माध्यम से ऑफ़र की जाती है।

यदि आप इस सेवा का उपयोग करना चाहते हैं, तो कृपया अपनी मूल खरीदारी तिथि के 30 कैलेंडर दिनों के भीतर सेवा खरीदना सुनिश्चित करें। विस्तारित वारंटी अवधि के दौरान, सेवा में पिकअप, मरम्मत और वापसी सेवा शामिल होती है, हालाँकि सभी खर्चों के लिए उपयोगकर्ता जिम्मेदार होगा।

यदि प्रमाणित सेवा पार्टनर ऑफ़र किए गए विस्तारित वारंटी के अंतर्गत अपेक्षित मरम्मतों को पूरा कर पाने में असमर्थ हो, तो हम आपको आपके द्वारा खरीदी गई विस्तारित वारंटी अवधि तक वैकल्पिक समाधान, यदि संभव हो तो, प्रदान करेंगे।

कृपया अधिक विवरण के लिए Philips ग्राहक सेवा प्रतिनिधि या स्थानीय संपर्क केंद्र (उपभोक्ता देखभाल नंबर द्वारा) से संपर्क करें।

Philips ग्राहक देखभाल केंद्र के नंबर नीचे दी गए हैं।

| स्थानीय मानक वारंटी अवधि | विस्तारित वारंटी अवधि | कुल वारंटी अवधि |
|---|---|---|
| विभिन्न क्षेत्रों पर आधारित | + 1 वर्ष | स्थानीय मानक वारंटी अवधि +1 |
| | + 2 वर्ष | स्थानीय मानक वारंटी अवधि +2 |
| | + 3 वर्ष | स्थानीय मानक वारंटी अवधि +3 |

**मूल खरीदारी और विस्तारित वारंटी खरीदारी का प्रमाणपत्र आवश्यक है।

**नोट**

कृपया क्षेत्रीय सेवा हॉटलाइन के लिए महत्वपूर्ण जानकारी मैनुअल देखें, जो कि Philips वेबसाइट समर्थन पृष्ठ पर उपलब्ध है।

# 7. त्रुटि निवारण और अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

## 7.1 त्रुटि निवारण

यह पेज उन समस्याओं का वर्णन करता है उपयोगकर्ता जिन्हें ठीक कर सकता है। अगर आपके इन समाधानों को आजमाने के बाद भी समस्या बनी रहती है तो Philips के उपभोक्ता सेवा प्रतिनिधि से संपर्क कर सकते हैं।

### 1 सामान्य समस्याएं


**कोई तस्वीर नहीं ( LED पावर नहीं जलता )**

- कृपया सुनिश्चित करें कि बिजली का तार बिजली के आउटलेट में और मॉनिटर के पीछे लगा है।
- पहले सुनिश्चित करें कि मॉनिटर के आगे की तरफ़ का बिजली का बटन बंद की अवस्था में है उसके बाद इसे दबा कर चालू की अवस्था में लाएं।

**कोई तस्वीर नही ( LED पावर लेड सफ़ेद है )**

- सुनिश्चित करें कि कंप्यूटर चालू है।
- सुनिश्चित करें कि सिग्नल केबल आपके कंप्यूटर से सही तरह से जुड़ा है।
- सुनिश्चित करें कि कनेक्ट की तरफ से मॉनिटर केबल में कोई मुड़ी हुई पिन नहीं है। यदि हां, तो केबल की मरम्मत करें या उसे बदल दें।
- ऊर्जा बचत के फ़ीचर सक्रिय किए जा सकते हैं।

**स्क्रीन कहता है**




- सुनिश्चित करें कि मॉनिटर का केबल आपके कंप्यूटर से सही ढंग से जुड़ा है। (क्विक सेट-अप गाइड भी देख लें)
- यह देखने के लिए जांच लें कि कहीं मॉनिटर के केबल की पिनें मुड़ी तो नहीं हैं।
- सुनिश्चित करें कि कंप्यूटर चालू है।

**ऑटो बटन काम नहीं करता**

- ऑटो फ़ंक्शन केवल वीजीए एनालॉग मोड में ही लागू होता है। अगर परिणाम संतोषजनक नहीं है तो आप ओएसडी मेन्यू के ज़रिए हाथ से समायोजन कर सकते हैं।

**नोट**

ऑटो फ़ंक्शन डीवीआई-डिज़िटल मोड में लागू नहीं होता क्योंकि यह आवश्यक नहीं है।

**धुएं या चिंगारी के दिखाई देने वाले संकेत**

- समस्या समाधान के कोई भी चरण न अपनाएं।
- सुरक्षा के लिए मॉनिटर को तुरंत बिजली के मख्य स्रोत से अलग कर दें।
- Philips के ग्राहक सेवा प्रतिनिधि से तुरंत संपर्क करें।

### 2 इमेजिंग की समस्या

**छवि केन्द्र में नहीं है**

- ओएसडी मेन कंट्रोल में ''ऑटो'' फंक्शन का उपयोग करके छवि की स्थिति निर्धारित करें।
- ओएसडी मेन कंट्रोल्स में सेटअप के फ़ेज/क्लाक का उपयोग करके छवि को समायोजित करें। यह केवल वीजीए मोड में मान्य है।

**स्क्रीन पर छवि में कंपनी होता है।**


- जांच लें कि सिग्नल केबल ग्राफ़िक्स बोर्ड या PC के साथ सही ढंग से मजबूती से जुड़ा है।

**ऊर्ध्वाधर फ्लिकर दिखाई देता है**



- ओएसडी मेन कंट्रोल में ''ऑटो'' फंक्शन का उपयोग करके छवि की स्थिति निर्धारित करें।
- ओएसडी मेन कंट्रोल्स में सेटअप के फेज़/क्लास का उपयोग करके ऊर्ध्वाधर बार को निकाल दें। यह केवल वीजीए मोड में मान्य है।

**क्षैतिज क्लिकर प्रदर्शित होता है**



- ओएसडी मेन कंट्रोल में ''ऑटो'' फंक्शन का उपयोग करके छवि की स्थिति निर्धारित करें।
- ओएसडी मेन कंट्रोल्स में सेटअप के फेज़/क्लास का उपयोग करके ऊर्ध्वाधर बार को निकाल दें। यह केवल वीजीए मोड में मान्य है।

**छवि धुंधली, अस्पष्ट या बहुत काली दिखाई देती है**

- स्क्रीन के डिसप्ले पर कंट्रास्ट और चमक को समायोजित करें।

**बिजली बंद करने के बाद एक ''आफ्टर इमेज'', ''बर्न-इन'' या ''घोस्ट इमेज'' बनी रहती है।**

- स्थिर या ठहरे हुए चित्र का लंबे समय तक अबाधित प्रदर्शन करने से आपकी स्क्रीन पर ''बर्न इन'', जिसे ''आफ्टर-इमेजिंग'' या ''घोस्ट इमेजिंग'' भी कहा जाता है, हो सकता है। ''बर्न-इन'', ''आफ्टर-इमेजिंग'', या ''घोस्ट इमेजिंग'' स्थ्ष्ठ पैनल प्रौद्योगिकी की एक सुपरिचित घटना है। ज्यादातर मामलों में, पावर स्विच-ऑफ कर देने के बाद कुछ समय में ''बर्न-इन'' या ''आफ्टर-इमेजिंग'' या ''घोस्ट इमेजिंग'' धीरे-धीरे गायब हो जाएगा।
- जब कभी आप अपने मॉनिटर को चलता हुआ छोड़कर जाएं तो कोई गतिमान स्क्रीन सेवर प्रोग्राम सक्रिय कर दें।
- च्आपके मॉनिटर में अपरिवर्तनीय स्थिर सामग्री का प्रदर्शन होने पर हमेशा समय-समय पर एक स्क्रीन रिफ्रेश एप्लीकेशन सक्रिय करें।
- ''बर्न-इन'' या ''आफ्टर-इमेज'' या ''घोस्ट इमेज'' के गंभीर लक्षण समाप्त नहीं होंगे और उन्हें ठीक नहीं किया जा सकता। उपरोक्त क्षति आपकी वारंटी में कवर नहीं की गई है।

**छवि विकृत नज़र आती है। पाठ अस्पष्ट या धुधंला है।**

- PC का डिसप्ले रिज़ॉल्यूशन मॉनीटर के सुझाए गए स्क्रीन के मूल रिज़ॉल्यूशन के मोड पर स्थापित करें।

**स्क्रीन पर हरे लाल, काले, सफेद बिंदु दिखाई देते हं**

- बचे हुए बिंदु आज की प्रौद्योगिकी में प्रयुक्त होने वाले तरल क्रिस्टल की सामान्य विशेषता है, कृपया और अधिक जानकारी के लिए पिक्सेल नीति देखें।

**''पावर ऑन'' की रोशनी बहुत तेज़ और परेशान करने वाली है।**

- आप आऐ डी मने कंट्रोल्स में पावर लडे का उपयागे करके ''पावर आनॅ'' रोशनी को समायोजित कर सकते हैं।

आगे की सहायता के लिए, महत्वपूर्ण जानकारी मैन्युअल में सूचीबद्ध सेवा संपर्क जानकारी देखें और Philips ग्राहक सेवा प्रतिनिधि से संपर्क करें।

## 7.2 सामान्य तौर पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

**प्र.1. अपने मॉनिटर का संस्थापन करते समय अगरॉ स्क्रीन पर यह वीडियो मोड नहीं दिखा सकता आता है तो मुझे क्या करना चाहिए?**

उ.: इस मॉनिटर के लिए अनुशंसित रेजॉल्यूशन: 1920 × 1080 60 Hz पर।

- सारे केबलों के प्लग निकाल दें, उसके बाद अपने PC को उस मॉनिटर से जोड़ें जिसे आप पहले इस्तेमाल करते थे।
- Windows के स्टार्ट मेन्यू में सेटिंग्स/कंट्रोल पैनेल सेलेक्ट करें। Windows के कंट्रोल पैनल में डिसप्ले आइकॉन सेलेक्ट करें। डिसप्ले कंट्रोल पैनल के भीतर सेटिंग्स टैब सेलेक्ट करें। सेटिंग्स टैब में बॉक्स में डेस्कटॉप एरिया अंकित है, साइट बार को 1920 × 1080 पिक्सेल्स तक खिसकाएं।
- एडवांस प्रॉपर्टीज़ खोलें और रिफ्रेश दर को 60 Hz पर स्थापित करें, उसके बाद ओके पर क्लिक करें।
- अपना कंप्यूटर फिर से चालू करें और इसकी पुष्टि के लिए कि आपका PC 1920 × 1080 @60 Hz पर स्थापित है, 2 और 3 को दोहराएं।
- अपने कंप्यूटर को बंद करें, अपने पुराने मॉनिटर को डिलकनेक्ट करें और अपने Philips मॉनिटर को फिर से कनेक्ट करें।
- अपना मॉनिटर चालू करें और उसके बाद अपना PC चालू कर दें।

**प्र.2. एलसीडी मॉनिटर के लिए अनुशंसित रिफ्रेश रेट क्या है?**

उ.: LCD मॉनिटरों का बताया गया ताज़ा दर 60 Hz है, सक्रीन पर किसी तरह की कोई गड़बड़ी दिखाई देने की स्थिति में, आप इसे 75 Hz तक यह देखने के लिए सेट कर सकते हैं कि क्या ऐसा करने से गड़बड़ी दूर होती है या नहीं।

**प्र.3. .inf और .icm फाइलें क्या हैं? मैं ड्राइवर (.inf और .icm) कैसे इंस्टॉल करूँ?**

उ.: ये आपके मॉनीटर के लिए ड्राइवर फाइलें हैं। जब आप पहली बार अपना मॉनीटर इंस्टॉल कर रहे होते हैं तो आपका कंप्यूटर मॉनीटर ड्राइवर्स (.inf और .icm फाइलें) की माँग कर सकता है। अपने उपयोगकर्ता मैन्युअल में दिए निर्देशों का पालन करें, मॉनीटर ड्राइवर्स (.inf और .icm फाइलें) स्वतः इंस्टॉल हो जाएँगी।

**प्र.4. मैं रिज़ॉल्यूशन को कैसे समायोजित कर सकता हूं?**

उ.: आपका वीडियो कार्ड/ग्राफ़िक ड्राइवर और मॉनिटर मिलकर उपलब्ध रिज़ॉल्यूशन का निर्धारण करते हैं। आप Windows® में वांछित रिज़ॉल्यूशन चुन सकते हैं ''डिसप्ले प्रॉपर्टीज़'' के साथ कंट्रोल पैनल।

**प्र.5. यदि मैं ओएसडी के जरिए मॉनिटर का समायोजन करने के दौरान भटक जाता हूं तो क्या होगा?**

उ.: बस **ओके** बटन दबाएं, उसके बाद फैक्टरी की सभी मूल सेटिंग्स को वापस लाने के लिए ''रीसेट'' चुनें।

**प्र.6. क्या एलसीडी स्क्रीन खरोंच रोधी है?**

उ.: आमतौर पर यह सुझाव दिया जाता है कि पैनल की सतह को ज्यादा आघात न दिया जाय और इसे नुकीली और भोथरी चीजों से बचाया जाये। मॉनिटर को उठाते रखते समय यह सुनिश्चित कराना चाहिए कि पैनल की सतह की ओर दबाव या बल न पड़े। यह आपकी वारंटी की स्थतियों को प्रभावित कर सकता है।

**प्र.7. मुझे एलसीडी की सतह कैसे साफ करनी चाहिए?**

उ.: सामान्य सफाई के लिए साफ और मुलायम कपड़ा इस्तेमाल करें। गहन सफाई के लिए कृपया आईसोप्रोपलि अल्कोहल का उपयोग  विलायकों जैसे, इथाइल अल्कोहल, इथेनॉल, एसीटोन, हेकसेन, वगैरह का उपयोग न करें।

**प्र.8. क्या मैं अपने मॉनिटर के रंग की सेटिंग बदल सकता हूं?**

उ.: हां, आप निम्न प्रक्रियाओं के तहत ओएसडी कंट्रोल के ज़रिए अपनी कलर सेटिंग बदल सकते हैं।

- ओएसजी (ऑन स्क्रीन डिसप्ले) मेन्यू दर्शाने के लिए ''ओके'' दबाएं
- ''कलर'' का विकल्प चुनने के लिए ''डाउन ऐरो'' दबाएं उसके बाद कलर सेटिंग दर्ज करने के लिए नीचे बताए अनुसार तीन सेटिंग्स होती हैं।

1. कलर तापमान;रंग का तापमान; दो सेटिंग 6500K और 9300K हैं। 6500K की परास की सेटिंग्स के साथ पैनल लाल-सफ़ेद रंगत के साथ गरम प्रतीत होता है, जबकि 9300K के काटेम्परेचर ठंडा, नीली-सफ़ेद रंगत प्रदान करता है।
2. sRGB; विभिन्न डिवाइसों (जैसे, डिजिटल कैमरों, मॉनिटरों, परमिटों, स्कैनरों, वगैरह) के बीच रंगों के सटीक विनिमय केलिए यह मानक सेटिंग है
3. उपयोगकर्ता द्वारा परिभाषित; उपयोगकर्ता लाल, हरा, नीला रंग समायोजित करके अपनी पसंद का रंग चुन सकता/सकती है।

**नोट**

किसी वस्तु को गरम करते समय उससे फूटने वाली रोशनी की माप। यह माप परम (अंश केल्विन) पैमाने के रूप में व्यक्त की जाती है। निम्न केल्विन ताप जैसे 2004K लाल होते हैं, उच्च ताप जैसे 9300K नीला होता है। उदासीन ताप सफेद होता है, 6504K पर।

**प्र.9. क्या मैं अपने LCD मॉनिटर को किसी भी PC, वर्क स्टेशन या Mac से कनेक्ट कर सकता हूं?**

उ.: हां Philips के सभी LCD मॉनिटर मानक PC, मैक और वर्क स्टेशनों के साथ पूरी तरह से मेलखाने योग्य हैं। आपको अपने मॉनिटर को Mac सिस्टम से जोड़ने के लिए एक केबल अडॉप्टर की आवश्यकता होगी। कृपया अधिक जानकारी के लिए Philips के विक्रय प्रतिनिधि से संपर्क करें।

**प्र.10. क्या फिलिप्स के LCD मॉनिटरों में प्लग-एण्ड -प्ले सुविधा है?**

उ.: हां मॉनिटर प्लग एडं प्ले है और Windows 7/ Windows 8/Vista/XP/NT, Mac OSX, Linux के साथ ससुगंत है।

**प्र.11. LCD मॉनिटर पैनलों में इमेज स्टिकिंग, या इमेज बर्न-इन, या आफ्टर इमेज, या घोस्ट इमेज की जो समस्या देखी जाती है, वह क्या है?**

उ.: स्थिर या ठहरे हुए चित्र का लंबे समय तक अबाधित प्रदर्शन करने से आपकी स्क्रीन पर ''बर्न इन'', जिसे ''आफ्टर-इमेजिंग'' या ''घोस्ट इमेजिंग'' भी कहा जाता है, हो सकता है। ''बर्न-इन'', ''आफ्टर-इमेजिंग'', या ''घोस्ट इमेजिंग'' स्र्ष्ठ पैनल प्रौद्योगिकी की एक सुपरिचित घटना है। ज यादातर मामलों में, पावर स्विच-ऑफ कर देने के बाद कुछ समय में ''बर्न-इन'' या ''आफ्टर-इमेजिंग'' या ''घोस्ट इमेजिंग'' धीरे-धीरे गायब हो जाएगा।

जब कभी आप अपने मॉनिटर को चलता हुआ छोड़कर जाएं तो कोई गतिमान स्क्रीन सेवर प्रोग्राम सक्रिय कर दें। च्आपके मॉनिटर में अपरिवर्तनीय स्थिर सामग्री का प्रदर्शन होने पर हमेशा समय-समय पर एक स्क्रीन रिफ्रेश एप्लीकेशन सक्रिय करें।

**चेतावनी**

स्क्रीन सेवर सक्रिय ज़रने में विफलता या आवधिज़ स्क्रीन रिफ्रेश अनुप्रयोग ज़े परिणामस्वरूप गंभीर ''बर्न-इन'' या ''ऑफ्टर-इमेज'' या ''घोस्ट इमेज'' लक्षण हो सज़ते हैं जो गायब नहीं होंगे और ठीज़ नहीं ज़िए जा सज़ते। उपरोझ्त वर्णित क्षति आपज़ी वारंटी में ज़वर नहीं है।

**प्र.12. मेरा डिसप्ले स्पष्ट पाठ क्यों नहीं दर्शाता और नुकीले और खुरदरे अक्षर क्यों दिखाता है?**

उ.: आपका LCD मॉनिटर अपने मूल रेजॉल्यूशन अर्थात् 1920 × 1080 @60 Hz पर एकदम सही ढंग से काम करता है। कृपया सर्वश्रेष्ठ डिसप्ले के लिए इसी रिजॉल्यूशन का उपयोग करें।

**प्र.1३. मुझे श्वष्ठस्त्र में उल्लखिति महत्वपूर्ण जानकारी मैन्युअल कहाँ मलि सकता है?**

**उ.:** महत्वपूर्ण जानकारी मैन्युअल क्द्धद्वद्यद्वश्चह्य वेबसाइट सहायता पृष्ठ से डाउनलोड कयिा जा सकता है।

© 2013 Koninklijke Philips N.V. सर्वाधिकार सुरक्षित

Philips और Philips शील्ड प्रतीक चिन्ह Koninklijke Philips N.V. के पंजीकृत ट्रेड मार्क्स हैं और Koninklijke Philips N.V. के लाईसेंस के अंतर्गत इनका इस्तेमाल किया गया है।

विवरण बिना सूचना के बदले जा सकते हैं।

वर्ज़न: M5223V1T